**प्रेस नोट**

**दिनांक 04.11.2025**

# यातायात जनजागरूकता माह नवम्बर वर्ष-2025

आज दिनांक 04.11.2025 को यातायात जनजागरूकता माह नवम्बर के प्रथम दिवस पर पुलिस लाइन हमीरपुर के परेड ग्राउंड में श्रीमान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से लगभग 400 छात्रों ने प्रतिभाग किया ।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष, एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा उपस्थित छात्रों एवं अन्य सभी लोगो को ट्रैफिक के नियमों के बारे में जानकारी दी गई एवं उपस्थित छात्रों से यातायात जागरूकता सम्बन्धी प्रश्न पूछे गए व सही जवाब देने वाले छात्रों को प्रोत्साहित किया गया । पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा उपस्थित सभी को शपथ दिलायी गयी कि कभी यातायात नियम नही तोड़ेंगे एवं उनसे अपेक्षा की गई कि आप अपने परिवार/आस-पड़ोस में भी यातायात के नियमों से सभी को अवगत कराएंगे, यह भी बताया गया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों/ सार्वजनिक स्थानों में इसी तरह के जागरूकता शिविर आगे भी आयोजित करेंगे जिससे जनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आ सके एवं दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रैली द्वारा कस्बा हमीरपुर में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी हमीरपुर, अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी लाइन/ट्रैफिक, प्रशिक्षु उपाधीक्षक, ए0आर0टी0ओ0, प्रतिसार निरीक्षक, यातायात प्रभारी हमीरपुर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




शुभारम्भ दिवस
दिनांक
04 नवम्बर 2025
यातायात पुलिस जनपद हमीरपुर


दीक्षा शर्मा
यातायात


जागरूकता रैली